भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.12.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2983 का उत्तर

बुंदेलखंड में स्टेशनों पर सीसीटीवी

2983. श्री आर. के. सिंह पटेल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के मानिकपुर, बांदा, चित्रकूट और महोबा स्टेशन के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और स्टेशन परिसरों के बाहर सीसीटीवी लगाए गए हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो क्या मंत्रालय का सीसीटीवी लगाए जाने का विचार है और इन्हें कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): क्लोज्ड सर्किट टेलीविजन कैमरे (सीसीटीवी) उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के माणिकपुर स्टेशन (27 कैमरे), बांदा स्टेशन (40 कैमरे) और महोबा स्टेशन (27 कैमरे) पर संस्थापित किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे स्टेशन परिसरों में तथा स्टेशनों के प्रवेश/निकास द्वार पर लगाए जाते हैं।

(ग): चित्रकूट स्टेशन पर सीसीटीवी अक्टूबर, 2022 तक संस्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

*****